**दिन सोमवार दिनांक 4 मई 2020 दस्तक प्रभात के पेज नंबर आठ में निकली नवसृजन संस्था के द्वारा की गई ऑनलाइन कविता प्रतियोगिता की खबर।**



# ऑनलाइन कविता प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

दस्तक प्रभात प्रतिनिधि। पटना नव सृजन एवं सर्वांगीण विकास संस्थान के द्वारा लॉक डाउन को देखते हुए ऑनलाइन कविता प्रतियोगिता अठाईस अप्रैल से 1 मई तक रखा गया था जिसका परिणाम 3 मई को निकाला गया इस ऑनलाइन प्रतियोगिता में 9 राज्य बिहार, झारखंड ,मध्य प्रदेश , पंजाब , उत्तर प्रदेश , उत्तराखंड ,महाराष्ट्र , उड़ीसा ,पश्चिम बंगाल, इन सभी जगहों से कवि कवित्रीयों ने अपने–अपने क्षेत्र से प्रथम द्वितीय तृतीय और श्रेष्ठ पुरस्कार से सम्मानित ऑनलाइन सर्टिफिकेट के द्वारा किया गया जिसमें 65 लोगों की सहभागिता हुई । इस कार्यक्रम की आयोजिका पूजा ऋतुराज ने बताया कि इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वरिष्ठ कवियों ने शिरकत की जिनकी कविताएं, सुनकर लोग मंत्रमुग्ध हुए। उन्होंने बताया कि इसी तरह का आयोजन साहित्य के विभिन्न विद्धाओ में किये जायेगें और लोक भाषा साहित्य के भी विभिन्न विद्याओं में ऑनलाइन प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस तरह का कार्यक्रम लॉक डॉउन को देखते हुए किया गया, जो सफल रहा है।उन्होंने बताया कि इस तरह के आयोजन निरंतर किए जाएंगे।